C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:54 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:57 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 208 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. मंगलवार, 11 फरवरी 2025

ममता कुलकर्णी ने छोड़ा किन्नर...पेज-3 पर

# फ्रांस में मैक्रों ने गले लगाकर किया पीएम मोदी का स्वागत

नई दिल्ली
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को फ्रांस पहुंचे। यहां वे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस दौरान वे उनके साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फ्रांस में जबरदस्त स्वागत किया गया। पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता किए जाने से पहले आयोजित स्वागत रात्रिभोज में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गले लगाकर उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने सोमवार को एक्स पर लिखा, पेरिस में अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर खुशी हुई। रात्रिभोज में प्रधानमंत्री ने अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस से भी मुलाकात की। वेंस भी एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस में हैं।



प्रधानमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस से बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को फ्रांस पहुंचे जहां वह फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ 'एआई एक्शन समिट' की सह-अध्यक्षता करेंगे और उनके साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक पोस्ट में कहा, पेरिस में एक यादगार स्वागत! ठंड के मौसम के बावजूद भारतीय समुदाय ने आज शाम अपना स्नेह दिखाया। हम अपने प्रवासी समुदाय के प्रति आभारी हैं और उनकी उपलब्धियों पर गर्व करते हैं! मोदी ने फ्रांस के लिए रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में कहा, मैं एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हूं, जो विश्व के नेताओं और वैश्विक प्रौद्योगिकी सीईओ का सम्मेलन है, जहां हम समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार एवं व्यापक सार्वजनिक कल्याण के लिए एआई प्रौद्योगिकी के प्रति सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर विचार साझा करेंगे।

मोदी और मैक्रों प्रतिनिधिमंडल स्तर पर भी बातचीत करेंगे। इसके बाद दोनों भारत-फ्रांस सीईओ मंच को संबोधित करेंगे। बुधवार को दोनों नेता प्रथम विश्व युद्ध में बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मजारगुएज युद्ध स्मारक जाएंगे। वह मार्सिले में भारत के नये महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों के अनुसार, यह मोदी की फ्रांस की छठी यात्रा है। पीएम मोदी दो देशों के अपने दौरे के दूसरे चरण में फ्रांस से अमेरिका जाएंगे।

## News कॉर्नर

### काशीपुर रोड फ्लाई ओवर के नीचे नाले में मिला अधेड़ का शव

**रुद्रपुर।** काशीपुर रोड पर फ्लाई ओवर के नीचे नाले में अज्ञात व्यक्ति का शव पाये जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नाले से बाहर निकाला और वहां मौजूद लोगों से शव की शिनख्त कराने की कोशिश की। शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाकर उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये। सोमवार सुबह राह गुजरते लोगों ने काशीपुर मार्ग पर फ्लाई ओवर के नीचे स्थित नाले में एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा देखा। शव मिलने की खबर लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और वहां लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलने पर आदर्श कालोनी चौकी प्रभारी होशियार सिंह साथी पुलिसकर्मियों कांस्टेबल उमेश सिंह,हयात चन्द्र के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को नाले से बाहर निकाल कर मौजूद लोगों से शव की शिनख्त कराने की कोशिश की लेकिन शव की शिनाख्त नही पाई। जिस पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवा दिया। चौकी प्रभारी होशियार सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 55 वर्ष है। उसके पास से ऐसा कोई दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है जिससे उसकी शिनाख्त की जा सके। उन्होंने बताया कि मामले से कोतवाली और आसपास क्षेत्र की पुलिस को भी अवगत करा दिया गया है।

### युवक ने लगाया जानलेवा हमले का आरोप

**हल्द्वानी।** शहर के सुभाष नगर निवासी अमन पाल ने पुलिस में तहरीर देकर बताया कि 20 जनवरी को रात्रि लगभग 8-9 बजे के बीच में प्रेमपुर लोशज्ञानी गैस गोदाम के पास उन पर देवेंद्र आर्या और उसके भाई बबलू आर्या ने हमला किया था। अमन पाल ने बताया कि हमले में उन्हें गंभीर चोटें आई और उनके सिर पर टांके आए। उन्होंने बताया कि हमलावर देवेंद्र आर्या और बबलू आर्या अपराधी किस्म के व्यक्ति हैं और उनके खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे चल रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

घायलों को सिहोरा के अस्पताल और मेडिकल कॉलेज रेफर किया

# महाकुंभ से लौट रहे ट्रेवलर को ट्रक ने मारी टक्कर, 7 की मौत

जबलपुर
एजेंसी

मध्य प्रदेश के जबलपुर-प्रयागराज रूट पर भीषण सड़क दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई है। शहर से 50 किलोमीटर दूर जबलपुर से प्रयागराज जाने वाले नेशनल हाईवे 30 पर कुंभ से लौटते वक्त एक ट्रैवलर (मिनी बस) तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई, जिससे ट्रैवलर के परखच्चे उड़ गए और घटना में सात लोगों की जान चली गई है। यह सभी लोग आंध्र प्रदेश के रहने वाले बताए जा रहे हैं। बस सड़क पर विपरीत दिशा में आते हुए सीमेंट से भरे हुए एक ट्रक से टकराई। जबलपुर के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौके के लिए रवाना हो गए हैं।

मौके पर पहुंची एसडीओपी पारुल शर्मा ने बताया, घटना सुबह 9 बजे के आसपास की है। दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी में आंध्र प्रदेश का नंबर है और यह सभी लोग आंध्र प्रदेश के रहने वाले बताए जा रहे हैं। इस कार के ठीक पीछे एक दूसरी कर थी, उसकी भी टक्कर हुई लेकिन कार के एयरबैग खुल जाने से उसमें बैठे हुए सभी लोग बच गए।



**घटना**
- कार के ठीक पीछे एक दूसरी कर थी, उसकी भी हुई टक्कर हुई
- दूसरी कार में यरबैग खुलने से उसमें बैठे सभी लोग सुरक्षित

इसमें कुछ लोग घायल हैं, जिन्हें सिहोरा के अस्पताल और मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

जिस ट्रक से एक्सीडेंट हुआ है उस ट्रक में सीमेंट भरा हुआ था और यह घटना एक पुल के ऊपर की है, फिलहाल बचाव कार्य जारी है। इस एक्सीडेंट की वजह से एक बार फिर इस हाइवे पर महाकुंभ में जाने वाले वाहनों का कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। वहीं दूसरी ओर कुंभ से लौटने वाले लोगों की वजह से हाईवे पर दोनों ओर अत्यधिक दबाव है. बता दें कि यह वही रूट है जिसपर पिछले दो दिनों से महाकुंभ का महाजाम लगा हुआ है।

# सर्जन डॉ. धीरेंद्र बनकोटी के पुत्र की भोपाल में सड़क दुर्घटना में मौत

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर के प्रसिद्ध सर्जन डॉ. धीरेंद्र बनकोटी के इकलौते पुत्र हिमांशु की बीती रात मध्य प्रदेश के भोपाल में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही डॉ. धीरेंद्र बनकोटी के बहनोई और मौसेरे भाई शव लेने भोपाल के लिए रवाना हो गए हैं। मृतक का शव मंगलवार तक हल्द्वानी पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। इस हादसे से डॉ. धीरेंद्र बनकोटी गहरे सदमे में हैं। बताया जा रहा है कि हादसे की सूचना अभी उनकी पत्नी को नहीं दी गई है, बल्कि उन्हें केवल यह बताया गया है कि उनका बेटा दुर्घटना का शिकार हुआ है और अस्पताल में भर्ती है। डॉ. बनकोटी के बड़े बेटे हिमांशु ने पिछले साल अपनी बड़ी बहन डॉ. आकांक्षा से विवाह किया था। डॉ. आकांक्षा एसटीएच में सर्जन के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. धीरेंद्र बनकोटी एसएस जीना हॉस्पिटल से सेवानिवृत्त हो चुके थे, लेकिन उन्हें सरकार ने पुन: सेवा में नियुक्त किया था। वे हल्द्वानी के छड़ायल क्षेत्र में निवासरत हैं। मृतक हिमांशु ने कुमाऊं इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक की डिग्री प्राप्त की थी और हाल ही में वह पुणे स्थित एक मल्टीनेशनल कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। हिमांशु पिछले कुछ समय से प्रयागराज में महाकुंभ में स्नान करने के बाद बाइक से पुणे लौट रहे थे, तभी भोपाल में उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मंगलवार को उनकी अंत्येष्टि रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में की जाएगी।

### युवक हुआ ऑन लाइन ठगी का शिकार

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी के एक निवासी व्यक्ति ने ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित डॉ. ललित मोहन जोशी ने बताया कि उन्हें 25 मार्च 2023 को एक फोन कॉल आया था, जिसमें उन्हें एक वर्कशॉप के लिए एडवांस पेमेंट करने के लिए कहा गया था। पीड़ित ने बताया कि उन्हें गूगल पे के माध्यम से पेमेंट करने के लिए कहा गया था, लेकिन जब उन्होंने पेमेंट किया तो उन्हें एक एरर मैसेज मिला। इसके बाद उन्हें फिर से पेमेंट करने के लिए कहा गया, लेकिन इस बार भी उन्हें एरर मैसेज मिला। पीड़ित ने बताया कि इस तरह से उन्हें तीन बार पेमेंट करने के लिए कहा गया और उन्होंने कुल 1,18,999 रुपये का पेमेंट किया। लेकिन जब उन्होंने वर्कशॉप के बारे में पूछा तो उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। पीड़ित ने हल्द्वानी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है और उन्होंने अपने पैसे वापस पाने के लिए मदद मांगी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# सिलिंडर से भरा एक ट्रक खाई में गिरा, पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चालाया

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल के ज्योलीकोट क्षेत्र में देर रात एक सिलिंडर से भरा ट्रक गहरी खाई में गिर गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार सिलिंडर से भरा एक ट्रक देर रात भवाली से हल्द्वानी को जा रहा था। ज्योलीकोट में पुलिस चैक पोस्ट के समीप ट्रक चालक को हल्की झपकी आई और ट्रक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। ट्रक की चपेट में आने से सड़क किनारे खड़ी सीज पिकअप भी खाई में गिर गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चालाया। पुलिस ने ट्रक में सवार तीनों



लोगों को खाई से सुरक्षित निकाल लिया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि तीनों ट्रक सवार सुरक्षित हैं। जिनको निजी वाहन से हल्द्वानी भेज दिया गया है। ट्रक में खाली सिलिंडर होने के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। रेस्क्यू करने वालों में ज्योलीकोट चौकी से कांस्टेबल चनीराम आर्य, मलकीत कंबोज, धर्मेंद्र साहनी, दीपक जोशी व होमगार्ड ओम प्रकाश मौजूद थे।

# महाकुंभ: अब कोई गाड़ी नहीं घुसेगी, बढ़ाएं शटल बसें: सीएम योगी

प्रयागराज
एजेंसी

सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ आने वाले लाखों श्रद्धालु वाराणसी और अयोध्या में भी दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। चित्रकूट और मीर्जापुर में भी बड़ी संख्या में लोगों का आगमन हो रहा है। अगले दो दिनों में और अधिक लोगों के आगमन की संभावना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार देर रात शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। सीएम योगी ने प्रयागराज, कौशांबी, कानपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, वाराणसी, अयोध्या, मीर्जापुर, जौनपुर, चित्रकूट, बांदा, प्रतापगढ़, भदोही, रायबरेली, गोरखपुर, महोबा और लखनऊ आदि जिलों में तैनात वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और मंडलायुक्तों के साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों की



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष बैठक की। उन्होंने महाकुंभ की व्यवस्थाओं की समीक्षा के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सीएम योगी ने कहा कि आगामी 12 फरवरी को महाकुंभ का पंचम स्नान पर्व %माघ पूर्णिमा% का अवसर आने वाला है। एक सप्ताह से प्रयागराज में हर दिशा से श्रद्धालुओं का आवागमन तेजी से बढ़ा है। सार्वजनिक परिवहन के अलावा बड़ी संख्या में निजी वाहनों से भी श्रद्धालु आ रहे हैं। स्नान पर्व पर इसमें और अधिक बढ़ोतरी संभावना है। इसको देखते हुए बेहतर ट्रैफिक और क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू किया जाए। प्रयागराज की सीमा पर बने पार्किंग स्थलों को प्रभावी रूप से संचालित करें। पांच लाख से अधिक क्षमता की वाहन पार्किंग व्यवस्था है, इसका उपयोग करें। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की मदद करें, नियम के खिलाफ एक भी वाहन को मेला क्षेत्र में प्रवेश न होने दें। आवश्यकतानुसार शटल बसों का इस्तेमाल करें। शट बसों की संख्या बढ़ाई जाए। लोगों से पार्किंग व्यवस्था के अनुपालन के लिए अपील करें। सड़कों पर वाहन की कतार नहीं लगने दें। कहीं भी ट्रैफिक जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए। वाहनों का मूवमेंट लगातार बना रहना चाहिए। सीएम योगी ने निर्देश दिए कि प्रयागराज से जुड़े जिलों के सभी जिलाधिकारी लगातार प्रयागराज प्रशासन से संपर्क बनाए रखें। मेला क्षेत्र में भीड़ का दबाव न बने, जरूरत के अनुसार बैरिकेडिंग की जाए। टोल के नाम पर जाम नहीं लगने दें। प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी है।

# परीक्षा पे चर्चा: परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहें

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

परीक्षा पे चर्चा 2025 कार्यक्रम में सोमवार को नगर के प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार के छात्रों और प्रधानाचार्य ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग लिया।

बता दें कि इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहने के लिए सुझाव देना और छात्रों को प्रेरित करना था। विद्यालय के कक्षा 10 एवं 12 के छात्रों ने इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना।



प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने इस पहल को छात्रों के मानसिक और शैक्षणिक विकास के लिए अत्यंत लाभदायक बताया। इस कार्यक्रम में समय प्रबंधन के गुर,डिजिटल तकनीक का उपयोग तथा सकारात्मक मानसिकता बनाए रखें, असफ लता से सीखें और आत्मविश्वास बनाए रखें जैस उपरोक्त बिन्दु के छात्रों के लिए बेहत महत्वपूर्ण रहे।

प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा केवल ज्ञान का मूल्यांकन नहीं बल्कि सीखने की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरक बातें छात्रों को परीक्षा के प्रति भयमुक्त दृष्टिकोण अपनाने में सहायता करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने संदेश में कहा कि छात्रों को आत्म.विश्लेषण करना चाहिए और अपनी क्षमताओं को पहचानकर आगे बढ़ाना चाहिए। विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों ने इस कार्यक्रम से नई प्रेरणा और आत्मविश्वास प्राप्त किया। कार्यक्रम का प्रसारण टीवी चौनलों एवं यूट्यूब के माध्यम से किया गयाए जिसमें छात्रोंए एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## NEWS / फटाफट

### सूखा पेड़ टूटकर आवासीय मकान पर गिरा, बाल-बाल बचे

**नैनीताल** । जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती खुर्पाताल के तोक पातीखेत में जंगल में सूखा चीड़ का पेड़ टूटकर एक आवासीय मकान के ऊपर आ गिरा, जिससे मकान का लेंटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। संयोग से यहां किसी तरह की जनहानि होने से बच गई । घटना की सूचना प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दे दी गयी है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह पेड़ ललित सिंह कनवाल के घर के ऊपर गिरा है, जिससे पूरे लेंटर में दरारें पड़ गई हैं,ग्रामीणों के मुताबिक जिस समय यह पेड़ गिरा उस समय लोग घर के अंदर मौजूद थे, जो सभी सकुशल हैं लेकिन लेंटर में पेड़ गिरने से वे दहशत में आ गए हैं। घटना के बाद पातीखेत तोक के सभी ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक दीवान सिंह कनवाल ने बताया कि पातीखेत के समीप जंगल में चीड़ के कुछ और पेड़ भी सूखे हैं जो कभी भी खतरे का कारण हो सकते हैं । ग्रामीणों ने पीडित परिवार को मुवावजा दिए जाने की मांग प्रशासन व वन विभाग से की है।

### नियमितीकरण को 220वें दिन भी जारी पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन सोमवार को 220वें दिन भी जारी रहा । बता दें सोमवार को महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटक आवास गृह कर्णपरयाग,पर्यटक आवास गृह गोचर, पर्यटक आवास गृह रुद्रप्रयाग में निगम कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। दूसरी ओर दिनेश गुरुरानी ने चमोली के जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी को पौधे के साथ ज्ञापन दिया। जिलाधिकारी ने कहा की उनकी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पर्यटक आवास गृह श्रीनगर परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में महासंघ के महामंत्री विजय पुरोहित समेत महामंत्री कंचन चंदोला, कार्यकारी अध्यक्ष संजय भट्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी, अनिल जोशियाल, गौतम कुमार ,पीतांबर दुमका, वेद प्रकाश, नरेंद्र थापा,अमर सिंह, कमलेश चंद्र भट्ट, गोपाल सिंह, रमेश कुमार अंशवाल,राशि कुकरेती, अनीता मेवाड़ी, जमन सिंह, वीर सिंह तथा सर्वेंद्र सिंह सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे।

### बोट हाउस क्लब में औषधि व्यवसाईयों की बैठक

**नैनीताल** । उत्तराखंड औषधि व्यवसाई महासंघ के तत्वावधान में सोमवार को नैनीताल के बोट हाउस क्लब में औषधि व्यवसाईयों की बैठक हुई। बैठक में नैनीताल डिस्ट्रिक्ट कैमिस्ट ऐसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें अध्यक्ष पद संतोष तिवारी, महामंत्री पद पर अमरिंदर सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर जीवन उप्रेती जबकि प्रचार मंत्री पर संदीप बोरा के नाम पर सर्वसम्मति से घोषणा हुई। इस मौके पर सभी निर्वाचित पदाधिकारियों ने कैमिस्ट व्यवसाईयों की समस्याओं को लेकर एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### नैनीताल-भवाली डिस्ट्रिक्ट कैमिस्ट एसोसिएशन नव मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी



**नैनीताल** । उत्तराखंड औषधि व्यवसाई महासंघ के तत्वावधान में सोमवार को वोट हाउस क्लब नैनीताल में नैनीताल-भवाली डिस्ट्रिक्ट कैमिस्ट एसोसिएशन के चुनाव कराए गए । इस चुनाव में अध्यक्ष संतोष तिवारी, महामंत्री अमरिंदर सिंह, कोषाध्यक्ष जीवन उप्रेती, संघठन प्रचार मंत्री पर संदीप बोरा सर्वसम्मति से चुने गए। उत्तरांचल औषधि व्यवसायी महासंघ के निर्देशानुसार ज़िला केमिस्ट एसोसिएशन के ज़िलाध्यक्ष प्रेम मदान, ज़िला महामंत्री संजय जैन, ज़िला संगठन मंत्री अमित मिश्रा एवं पर्यवेक्षक नगर इकाई हल्द्वानी के अध्यक्ष गोपाल अधिकारी द्वारा केमिस्ट एंड ड्रेगिस्ट एसोसिएशन नैनीताल चुनाव संपन्न कराये गये। नैनीताल- भवाली इकाई के चुनाव आम सहमति से सम्पन्न होने पर औषधि व्यवसायियों ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी है ।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

**कार्यक्रम**

- समाज में योगदान हेतु अच्छे नागरिक बनकर योगदान हेतु आह्वान किया

राष्ट्रीय जंबूरी तमिलनाडु से लौटने पर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने स्काउट गाइड सहित खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर के विद्यार्थियों हेतु आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने जिले के पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कॉलेज हल्दूचौड़ में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को उत्साहित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक डा.बिष्ट ने युवाओं से पढ़ाई पर ध्यान देते हुए आने वाले समय में पूरे देश एवं समाज में योगदान हेतु अच्छे नागरिक बनकर योगदान हेतु आह्वान किया।

इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष भगवती कांडपाल, प्रधानाचार्य गणपत सिंह सेंगर, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालक छात्रावास के अधीक्षक डॉ. हिमांशु पांडे सहित भुवन मठपाल, जगदीश पांडे, गिरीश शर्मा, अनिल राणा, सरस्वती बृजवाल, सचिन पाठक, भूपेंद्र सिंह, सीमा जोशी, निर्मला सामंत, शांति, सुरेश ओझा, नवीन चंद्र पंत, हेम चंद्र जोशी, मोहित सिंह तथा हेमा भट्ट आदि सदस्य एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक डा.बिष्ट द्वारा हाल ही में तमिलनाडु में आयोजित राष्ट्रीय जंबूरी में शिक्षिका दीपा पांडे के नेतृत्व में इनोवेटिव स्काउट एवं गाइड ग्रुप के तहत प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों भास्कर सुयाल, चिराग बिष्ट, धीरज कुमार, अंश सक्सैना, विष्णु पाल, संस्कार पांडे, बॉबी कोरंगा, भूमिका, रिया गुणवंत, मीनाक्षी मिश्रा एवं शिवानी को सम्मानित किया साथ ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा खेल कुंभ के तहत आयोजित बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास के खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## फायर सीजन: वन विभाग की ओर से कंट्रोल बर्निंग शुरू

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

फायर सीजन शुरू होने से पहले ही वन विभाग की ओर से कंट्रोल बर्निंग शुरू कर दी गई है। नैनीताल- हल्द्वानी रोड के जंगल को संवेदनशील मानते हुए विभाग की ओर से यहां कंट्रोल बर्निंग कर सडक़ के किनारे सूखे पत्ते व झाडियों को साफ कर जलाया जा रहा है। बता दें कि 15 फ रवरी (शनिवार) से फ ायर सीजन शुरू हो जाएगा, जिसके चलते वन विभाग ने कंट्रोल बर्निंग कर सडक़ों को साफ कर दिया है। वहीं लोगों से लगातार संर्पक कर जंगलों को आग से बचाने की अपील की जा रही है। सोमवार को नैनीताल वन प्रभाग के तहत मनोरा वन रेंज में भी वन विभाग की ओर से ताकुला के समीप सडक़ किनारे कंट्रोल बर्निंग की गई है।

इन दिनों विभगीय अधिकारियों के साथ महिला फ ायर वॉचर सडक़ किनारे सूखे पत्तों को पूर्व से ही जला दे रहे हैं जिससे फायर सीजन के दौरान सडक़ किनारे घूमने या अराजक तत्वों की गलती से कोई आग की घटना न हो। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के जंगल को आग से बचाने के लिए फायर सीजन से पूर्व से ही कंट्रोल बर्निंग की जा रही है। 15 फ रवरी तक लगातार कंट्रोल बर्निंग की जाएगी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–**संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## वैज्ञानिक और सर्प विशेषज्ञ जिज्ञासु डोलिया ने चलाया जागरूकता अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

प्रकृति में जितने भी जीव मौजूद है वह सब प्रकृति के उपहार हैं, सांप भी उनमें से एक है। हॉलाकि भ्रांतियों और गलत जानकारी से सांप को मनुष्य का दुश्मन समझ लिया जाता है जबकि पर्यावरणीय संतुलन में सांप अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

बता दें सोमवार को यह उद्गार नैनीताल जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट के समीप स्थित वन अनुसंधान रेंज परिसर गांजा में सांप जागरूकता अभियान के अन्तर्गत वैज्ञानिक और सर्प विशेषज्ञ जिज्ञासु डोलिया ने व्यक्त किए। डोलिया की ओर से परिसर के कर्मचारियों, जूनियर हाईस्कूल के अध्यापकों छात्र-छात्राओं तथा महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं ग्रामीणों को सांपों के आहार तथा व्यवहार व आवास व स्वभाव आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया कि साँप अकारण किसी को नहीं काटते हैं,सारे साँप जहरीले नहीं होते हैं। सांपों को मनुष्य का मित्र न सही किन्तु शत्रु भी नहीं समझना चाहिए।

इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी दिनेश चंद्र तिवारी ने डोलिया द्वारा दी गई जानकारी को महत्वपूर्ण बताते आह्वान किया कि पर्यावरण को बचाने के लिए सभी लोगों को प्रकृति से जुड़ उसका संरक्षण करना चाहिए। इस दौरान अनुसंधान सहायक योगेश त्रिपाठी समेत कमला जोशी,संतोष कुमार,अर्जुन कुमार,अंकिता चंद तथा नीरज जोशी, राजेंद्र कुमार भट्ट आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

## मेट्रोपोल शत्रु संपत्ति क्षेत्र का जायजा लिया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर पालिका परिषद की नव निर्वाचित पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने सोमवार को पालिका के कर्मचारियों का परिचय लेकर उनकी समस्याएं सुनी। इसके बाद उन्होंने मेट्रोपोल शत्रु संपत्ति क्षेत्र का निरीक्षण कर वहां रखे गए निष्प्रयोज्य डस्टबिन व वाहनों का जायजा लिया। तय किया गया कि पुराने वाहनों को नीलाम करने के साथ ही डस्टबिनों को दुरुस्त कराया जाएगा।

बता दें सोमवार को पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने निर्वाचित सभासदों की मौजूदगी में नगर पालिका कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस दौरान कर्मचारियों ने समय पर वेतन नहीं मिलने समेत तमाम समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। पालिकाध्यक्ष डा.खेतवाल ने समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने ईओ विनोद जीना से पालिका के कामकाज की गहनता से जानकारी ली। जिसके बाद उन्होंने मेट्रोपोल कंपाउंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि मेट्रोपोल कंपाउंड में कई पुराने वाहन व डस्टबिन निष्प्रयोज्य डंप पड़े हैं। मेट्रोपोल में पार्किंग बनाने की अनुमति मिलने के बाद सामान को खाली कराना होगा, जिसके लिए पुराने वाहनों को नीलामी करने पर सभासदों ने सहमति दी, साथ ही निर्णय लिया गया कि पुराने डस्टबिनों को दुरुस्त कर शहर में स्थापित किया जाएगा, जिससे पालिका पर नये डस्टबिन खरीद का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। पालिकाध्यक्ष डा.खेतवाल ने बताया कि बोर्ड बैठक में निर्णय लेने के बाद सफ ाई व्यवस्था को बेहतर करने की योजना तैयार की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सभासद मुकेश जोशी, रमेश प्रसाद तथा राकेश कुमार तथा पालिका कर्मी हरीश मेलकानी आदि मौजूद रहे।

नैनीताल
उधमसिंह नगर
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com
● हल्द्वानी ● मंगलवार ● 11 फरवरी 2025
सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप


# अभिमत



## तकनीक है वरदान

***डिजिटल युग में भले ही किसी व्यक्ति के हाथ में किताब नहीं दिखती है, परन्तु इसका यह तात्पर्य नहीं है कि उसने पढ़ना छोड़ दिया है। कोरोना महामारी के बाद अखबारों को मोबाइल फोन के स्क्रीन पर पढ़ा जा रहा है। साहित्यकारों की कालजयी पुस्तकें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी तथा शोधार्थी संदर्भित पुस्तक को लेने के लिए लाइब्रेरी तक नहीं भागते हैं, लेपटॉप पर सर्च करके पढ़ लेते हैं। सेवानिवृत्त और वृद्ध का समय पठन-पाठन में ही व्यतीत होता है। अधिकतर वरिष्ठ नागरिकों ने तकनीक को सीखने में रुचि दिखाई है और लेखन एवं पढ़ने का कार्य स्क्रीन के माध्यम से करते हैं।***

परिवर्तन शाश्वत है। प्रकृति से लेकर विश्व के हर क्षेत्र में बदलाव होता रहा है, हो रहा है और होता रहेगा। तकनीक तथा अन्य क्षेत्र में नये अनुसंधान से सुविधाएं बढ़ी हैं। मनुष्य ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। सदुपयोग से तकनीक वरदान साबित हो रही है, वहीं दुरुपयोग से अभिशाप बन जाती है। डिजिटल युग में प्रवेश करते ही अनेक सवाल उठे हैं और बहस शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि नई तकनीक से लोगों में पढ़ने की रुचि कम हो गई है। कुछ लोग कह रहे हैं कि नई तकनीक से पठन-पाठन का रूप बदला है। नकारात्मक मानसिकता वाले नवाचार के विरोधी होते हैं, जबकि सकारात्मक सोच वाले तकनीक और बदलाव का स्वागत करते हैं। इंटरनेट ने शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किया है। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के कारण दुनिया के ज्यादातर देशों में लॉकडाउन लागू किया गया था। स्कूल बंद हो गये थे। शिक्षा सत्र को शून्य नहीं किया गया। इंटरनेट के माध्यम से विद्यार्थियों ने पढ़ाई की और तकनीक वरदान साबित हुई। ई-लाइब्रेरी की ओर कदम बढ़े हैं। हजारों किताबों का रखरखाव चुनौतीपूर्ण कार्य है। कागज पर छपी मोटी किताबों की ज्यादा प्रतियां रखना भी समस्या होती है। पांडुलिपियों को संरक्षित करना संवेदनशील कार्य है। कागज के आविष्कार से पहले भोजपत्र और पत्थर पर लिपिबद्ध किया जाता था। इसमें कोई संदेह नहीं कि कागज पठन-पाठन में वरदान साबित हुआ। कक्षा की पुस्तकों, साहित्यकारों की रचनाओं, धार्मिक ग्रंथ आदि के साथ ही समाचार पत्र और पत्रिकाओं का अपना अलग संसार है। डिजिटल युग में भले ही किसी व्यक्ति के हाथ में किताब नहीं दिखती है, परन्तु इसका यह तात्पर्य नहीं है कि उसने पढ़ना छोड़ दिया है। कोरोना महामारी के बाद अखबारों को मोबाइल फोन के स्क्रीन पर पढ़ा जा रहा है। साहित्यकारों की कालजयी पुस्तकें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी तथा शोधार्थी संदर्भित पुस्तक को लेने के लिए लाइब्रेरी तक नहीं भागते हैं, लैपटॉप पर सर्च करके पढ़ लेते हैं। सेवानिवृत्त और वृद्ध का समय पठन-पाठन में ही व्यतीत होता है। अधिकतर वरिष्ठ नागरिकों ने तकनीक को सीखने में रुचि दिखाई है और लेखन एवं पठन का कार्य स्क्रीन के माध्यम से करते हैं। शिक्षित वर्ग के लिए विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। सुविधा उपलब्ध होने पर पढ़ने की रुचि बढ़ी है।

# समस्याओं के समाधान को विशेष कैंप आयोजित

### नॉन गवर्नमेंट विद्युत उपभोक्ताओं पर 9 करोड़ 16 लाख 67 हजार रुपये का बिजली बिल लंबित





**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

विद्युत वितरण खंड नैनीताल के अंतर्गत नॉन गवर्नमेंट विद्युत उपभोक्ताओं पर 9 करोड़ 16 लाख 67 हजार रुपये का बिजली बिल लंबित है। यह राशि उन उपभोक्ताओं से प्राप्त नहीं हो पाई है जो विद्युत बिलों का भुगतान समय पर नहीं कर रहे हैं। इस संदर्भ में ऊर्जा निगम ने फ रवरी माह के लिए इस खंड का टारगेट 14.62 करोड़ रुपये निर्धारित किया है जिसे प्राप्त करने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं।

बता दें कि सोमवार को तीन प्रमुख स्थानों क्रमशः भूमियाधार तथा तिरछाखेत और मोना में उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए विभाग की ओर से विशेष कैंप आयोजित किए गए। इन कैंपों का उद्देश्य उपभोक्ताओं को नए विद्युत संयोजन उपलब्ध कराना तथा खराब बिलों को ठीक करना और उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण करना था। इसके साथ ही इन कैंपों में उपभोक्ताओं को बिलों की देयता की जानकारी भी दी गई ताकि वे जल्द से जल्द अपना भुगतान कर सकें।

इसके अलावा पूरे जनपद में लगभग 11.86 लाख रुपये का राजस्व भी वसूला गया। इसी दौरान 31 विद्युत संयोजनों को विच्छेदित किया गया। यह कदम उन उपभोक्ताओं के खिलाफ उठाया गया जो लंबे समय से अपना बिजली बिल नहीं चुका रहे थे। ऊर्जा निगम ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपना बकाया बिल शीघ्र भुगतान करें और विद्युत संयोजन विच्छेदन जैसी कार्यवाही से बचें। उपभोक्ताओं को बताया गया है कि समय पर बिल का भुगतान न करने की स्थिति में उनका विद्युत संयोजन काटने की कार्रवाई की जा सकती है जो कि उनके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। मामले में बिजली विभाग के ईई एसके सहगल का कहना है कि इस विशेष अभियान से ना केवल राजस्व की वसूली में वृद्धि होगी बल्कि उपभोक्ताओं को भी उनकी समस्याओं का समाधान प्राप्त होगा। इसके साथ हीए विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जो उपभोक्ता जल्द से जल्द अपना बकाया बिल चुकता करेंगे उन्हें किसी भी प्रकार की विच्छेदन कार्यवाही का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**भूल सुधार**

**कृषक भारती को-ऑपरेटिव लि.**
**बीज उत्पादन इकाई रुद्रपुर**

बीज उत्पादन इकाई रुद्रपुर द्वारा बीज उत्पादन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत वर्ष 2025 में लगभग 17000.00 कुंतल असंसाधित गेंहू बीज के भंडारण, ग्रेडिंग, पैकिंग, हैंडलिंग आदि कार्य की कस्टम हायर पर आधरित व्यवस्था हेतु उचित गोदाम एवं विधायन संयंत्र एक ही परिसर में रुद्रपुर से 15 से 20 किमी की परिधि में स्थापित संबंधित निविदा प्रक्रिया के सोमवार को प्रकाशित विज्ञापन में एक स्थान पर सीलबंद निविदा खुलने की दिनांक भूलवश 24-02-2025 के स्थान पर 20-02-2025 प्रकाशित हो गया है। उसे सुधार कर 24-02-2025 पढ़ा जाए। बाकी शर्ते पूर्वरत रहेगी।

**राज्य विपणन प्रबंधक**
**कृभको 30 आकाशदीप**
**कालोनी चकराता रोड देहरादून**
**248001**
**ईमेल पता : smokribh-coddn@yahoo.co.in**
**फोन न. 0135-2539294**

# त्रिस्तरीय चुनावों में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व कम कर रही उत्तराखंड सरकार: नेता प्रतिपक्ष

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सूबे के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड सरकार राज्य में त्रिस्तरीय चुनावों में ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिनिधित्व कम कर रही है। उन्होनें कहा कि सरकार की परिसीमन की नीति के चलते उत्तराखंड के पर्वतीय ग्रामीण क्षेत्रों में त्रिस्तरीय पंचायतों के हर स्तर पर सीटें कम हो रही हैं।

प्रेस को जारी बयान में आर्य ने कहा कि राज्य में जल्द ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने हैं। सरकार कुछ महिनों से जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत की सीटों के परिसीमन की कवायद कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के फ़ार्मूले और परिसीमन के संबध में जारी किए आदेशों पर भरोसा किया जाए तो पर्वतीय क्षेत्रों के जिलों में हर स्तर की पंचायत में या तो सीटों की संख्या घटेगी या सालों से यह संख्या यथावत चली आ रही हैं। नेता प्रतिपक्ष आर्य के मुताबिक सरकार ने कुछ समय पूर्व परिसीमन से



संबधित आदेश जारी करते हुए पर्वतीय क्षेत्रों में 24000 तक की जनसंख्या के लिए और मैदानी क्षेत्रों में 50000 की जनसंख्या के लिए 2 जिला पंचायत सीटों का निर्धारण किया है इससे पर्वतीय क्षेत्रों के कुछ विकास खण्डों में जिला पंचायत सदस्यों की संख्या या तो घटी है या यथावत रही है। उन्होंने कहा किए 12000 की जनसंख्यां पर्वतीय क्षेत्र में एक बहुत बड़े भू-भाग वाले क्षेत्रफल की होती है। पर्वतीय क्षेत्रों में पंचायत सीटों का क्षेत्रफ ल अधिक और विराट होने के कारण न तो विकास कार्य हो पाते हैं न ही पंचायत प्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्याओं के साथ न्याय कर पाता है। उन्होंने कहा यही स्थिति क्षेत्र पंचायतों और ग्राम पंचायतों की भी है। बताया कि राज्य के शहरी क्षेत्रों का परिसीमन कर कई नगरीय पंचायतों का दर्जा भी बढ़ाया गया है और वहां वार्डों की संख्या भी बढ़ाई गयी है। उन्होंने आरोप लगाया कि त्रिस्तरीय पंचायतों के पिछले कई कार्यकालों से हर बार दिखाने को हर स्तर की पंचायतों का परिसीमन तो हो रहा है लेकिन सीटों की संख्या बढ़ नहीं रही है। उन्होंने कहा कि इससे सिद्ध होता है कि उत्तराखण्ड सरकार ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को पंचायतों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं देना चाहती है। आर्य ने कहा कि पंचायत के हर स्तर पर सीटों की संख्या बढ़ने से राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए अधिक बजट और योजनाऐं आती थी। हर स्तर की पंचायतों की सीटों में कमी आने या सीटों की संख्या स्थिर रहने से विकास की गति भी रुकेगी या कम होगी इसलिए पहाड़ में जिला पंचायत की मूलभूत सुविधाओं एवं विकास की मूलभूत धारणा को पहुंचाने के लिए पहाड़ में 8 से 10 हजार की जनसंख्या में एक जिला पंचायत सीट का गठन होना नितांत जरुरी है।

## फिल्मी दुनिया

# ममता कुलकर्णी ने छोड़ा किन्नर अखाड़े में महामंडलेश्वर का पद



*पूर्व बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा, मैं बचपन से साध्वी हूं और आगे भी रहूंगी। पूर्व बॉलीवुड अदाकारा ममता कुलकर्णी को बीते दिनों किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनाया गया। उन्होंने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में जाकर अपना पिंडदान किया था। उनकी पट्टाभिषेक प्रक्रिया के बाद उन्हें यह पद दिया गया। मगर, ममता के महामंडलेश्वर नियुक्त किए जाने के बाद से ही, उनकी नियुक्ति पर सवाल उठ रहे थे। आज सोमवार को ममता कुलकर्णी ने महामंडलेश्वर के पद से इस्तीफा दे दिया है। न्यूज एजेंसी से बातचीत में ममता ने पद छोड़ने की बात कही है। उन्होंने कहा, मैं महामंडलेश्वर यामाई ममता नंदगिरी, मैं इस पोस्ट से इस्तीफा दे रही हूं। किन्नर अखाड़े या दो अखाड़ों में मेरे महामंडलेश्वर के पद को लेकर काफी समस्याएं हो रही हैं। मैं पिछले 25 साल से साध्वी थी और साध्वी ही रहूंगी। यह मुझे महामंडलेश्वर का जो एक सम्मान दिया गया था, वो ऐसा सम्मान होता है, जिसने करीब 25 साल स्विमिंग की हो, उसे कहा जाए कि अब जो बच्चे आएंगे, उन्हें स्विमिंग की जानकारी देना। लेकिन, इस पर बहुतों को आपत्ति हो गई। ममता कुलकर्णी आगे कह रही हैं, मैं काफी वक्त तक बॉलीवुड से दूर रही हूं। मैंने 25 साल से फिल्मी दुनिया छोड़ी हुई है। नहीं, तो फिल्मों से, मेकअप से इतना दूर कौन रहता है? मेरी काफी चीजों को लेकर लोगों के सवाल हैं, प्रतिक्रियाएं हैं। मैंने देखा कि मेरे महामंडलेश्वर होने से शंकराचार्य से लेकर काफी लोगों को आपत्ति है।*

### चंडी का संकेत है बाहर निकलने का

*ममता ने आगे कहा, मेरे जो गुरू हैं, जिनके सानिध्य में मैंने घोर तपस्या की है, उनका नाम है चैतन्य गगनगिरी महाराज। वे सिद्ध महापुरुष थे। उनकी बराबरी में कोई मुझे नहीं दिखता। मैंने उनके सामने 25 साल टॉप किया है। मुझे कहीं कैलाश जाने, मानसरोवर जाने की जरूरत नहीं। सब ब्रह्मांड मेरे सामने हैं। 25 साल मैंने घोर तपस्या की है। लेकिन, आज सबको आपत्ति हो गई है। हिमांगी हों या कोई भी, उनके बारे में मैं नहीं बोलूंगी ज्यादा। मैं बस यही कहूंगी कि मैंने कुछ नहीं किया। यह सब चंडी है, जिनकी मैंने घोर आराधना की है। अब वही हैं, जो मुझे संकेत दे रही हैं कि मुझे इससे बाहर निकलना चाहिए।*

# शीतकालीन अवकाश के बाद खुले स्कूल, दिखी रौनक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

शीतकालीन अवकाश के बाद जिला मुख्यालय नैनीताल के कई पब्लिक स्कूल सोमवार को खुल गए हैं जबकि शेष स्कूल जल्द ही खुलेंगे। इस बीच नगर में स्कूलों के खुलने से अन्य दिनों की तुलना में अधिक रौनक नजर आयी। दूसरी ओर नगर के आवासीय स्कूलों में पढने वाले देश के विभिन्न शहरों से बच्चों को भी उनके अभिभावकों ने पहुंचाना शुरु कर दिया है जबकि जो स्कूल खुल चुके हैं उनके अभिभावक अपने बच्चों को स्कूलों के छात्रावासों में पहुंचा चुके हैं। बता दें कि शीतकालीन अवकाश के चलते नगर के विभिन्न पब्लिक स्कूलों के बंद होने का क्रम दिसंबर प्रथम सप्ताह से ही शुरु हो गया था। शीतकालीन अवकाश के बाद नगर के सरकारी व अर्ध सरकारी स्कूल तो बीते एक फरवरी को खुल चुके थे। इन स्कूलों में आजकल बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं गतिमान हैं वहीं दूसरी ओर सोमवार को नगर के सेंट जोजफ व सेंट मेरीज समेत कई अन्य पब्लिक स्कूल खुल गए शेष बंद स्कूल जल्द ही खुलेंगे। दूसरी ओर स्कूलों के खुलने से अब नगर के कई स्टेशनरी की दुकानों में भी काफी भीड़ नजर आयी।

### महिला बाइक से गिरकर चोटिल, पैर में फैक्चर

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल मोहन को चौराहे पर सोमवार को एक महिला बाइक से गिरकर चोटिल हो गई। जिसे उपचार के लिए राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल लाया गया जिसके पैर में फैक्चर हुआ है। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में मौजूद डॉ.तान्या फ र्त्याल ने बताया कि स्टाफ हाउस निवासी नीलम (35) बाइक से गिरकर चोटिल हो गई थी जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। बताया कि महिला के पैर में फैक्चर हुआ है जिसे प्लास्टर करके घर भेज दिया गया है।

# भारतीय शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम श्रृंखला के चतुर्थ अध्याय का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के संगीत विभाग में भारतीय शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम श्रृंखला के चतुर्थ अध्याय का सफल आयोजन सोमवार को विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गगनदीप होठी (ए ग्रेड आर्टिस्ट) द्वारा केयूआईएफ आर प्रोजेक्ट के तहत किया गया। कार्यक्रम में हल्द्वानी के सुविख्यात कलाकार ए ग्रेड आर्टिस्ट स्मित तिवारी ने अपना सरोद वादन प्रस्तुत किया। वर्ष 2015 में संगीत नाटक अकादमी द्वारा उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से सम्मानित एवं आकाशवाणी और दूरदर्शन के ए ग्रेड के कलाकार स्मित तिवारी ने सर्वप्रथम सुबह का राग जौनपुरी प्रस्तुत किया। इसके बाद राग हेमंत में दो रचनाएं प्रस्तुत कीं। अपने वादन का समापन राग सिंधु भैरवी से किया। तिवारी ने अपने कुशल सरोदवादन से सभागार में उपस्थित समस्त श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। उनके वादन में गायकी एवं मैहर घराने की विशेषताओं का अभूतपूर्व समन्वय देखने को मिला। तबले पर कुशल संगत व हल्द्वानी के ही उभरते तबलावादक और डीएसबी परिसर के संगीत विभाग के ही भूतपूर्व छात्र लोकेश जोशी ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष तथा निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रो. ललित तिवारी ने शिरकत की। इस अवसर पर प्रो.तिवारी ने कहा कि संगीत सामवेद में उल्लिखित है तथा शिव एवं सरस्वती का वरदान है। संगीत मस्तिष्क को तंदुरुस्त रखता है तथा जीवन का अहम हिस्सा है। प्रो. तिवारी ने कहा कि संगीत का पर्यावरण एवं पौधों से भी विशेष संबंध है। डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने भी अत्याधिक संख्या में प्रतिभाग कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। इस विशेष मौके पर संगीत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गगनदीप होठी ने बताया कि भारतीय शास्त्रीय संगीत कि इस कार्यक्रम श्रृंखला को आयोजित करने का मूल उद्देश्य विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के छात्र-छात्राओं को शास्त्रीय संगीत परंपरा से परिचित करवाना एवं भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। कलाकारों एवं मुख्य अतिथि का सम्मान बीएफ ए पाठ्यक्रम की छात्रा खुशी उप्रेती द्वारा बनाए गए दोनों कलाकारों एवं मुख्य अतिथि के स्केच पोट्रेट को भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का समापन परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा के आशीर्वचनों से हुआ। सभागार में अत्याधिक संख्या में उपस्थित छात्र.छात्राओं के साथ संकायाध्यक्ष कला संकाय प्रो. पद्म सिंह बिष्ट, डीएस डब्ल्यू प्रो. संजय पंत, चीफ प्रॉक्टर प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट समेत प्रो. ज्योति जोशी, प्रो. संजय घिल्डियाल, प्रो. शिरीष मौर्य, प्रो. सुषमा टम्टा, प्रो. अनिल बिष्ट, दिनेश डंडरियाल, योगेश वर्मा, गीता वर्मा, डॉ. लज्जा भट्ट, डॉ. कपिल खुल्वे, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. दीपक कुमार, मनोज कांडपाल,राजेश पांडे, डॉ. निधि वर्मा, गिरीश चंद्रा, बबिता लोहनी, डॉ. लक्ष्मी धस्माना, विशाल बिष्ट,आनंद कुमार,वसुंधरा,कुंजिका,यशस्वी चंद्रा ,शिवांगी,पूजा तथा फि जा व अदिति इत्यादि सहित 100 विद्यार्थी उपस्थिति रहे।

## News कॉर्नर

### स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने एक व्यक्ति को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान खेड़ा तिराहे के पास घूम रहे संदिग्ध हो पकड़ कर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 17.07 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़ा गया आरोपी मेराज अली बनभूलपुरा का निवासी है।पुलिस ने बताया कि मेराज अली ने बताया कि उसने स्मैक शुयेब उर्फ राजू से खरीदी थी। पुलिस ने बताया कि मेराज अली के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने की तैयारी चल रही थी।

### ई-रिक्शा से चोरी बैटरी, मोटर आदि ढूंढने की गुहार

**हल्द्वानी।** हरिपुर शिवदत्त गोरापडाव हल्द्वानी निवासी करन लाल आर्या ने मेडिकल चौकी इंचार्ज से एक लिखित शिकायत देते हुए बताया कि उन्होंने 15 जनवरी को ई-रिक्शा लोन पर लिया था। यह ई-रिक्शा सुशीला तिवारी अस्पताल से चोरी हो गया था। करन लाल ने अपनी शिकायत में कहा कि चोरी के बाद बहुत खोजबीन करने के बाद उन्हें जानकारी मिली कि उनका ई-रिक्शा 27 जनवरी को जीतपुर नेगी जंगल में पाया गया। प्रशासन द्वारा घटना स्थल पर ई-रिक्शा की फोटो भी खींची गई, लेकिन इसमें बैटरी, मोटर कंट्रोलर और अन्य महत्वपूर्ण सामान गायब थे। प्रशासन के कहने पर करन लाल ने ई-रिक्शा को घर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन चोरी के सामान के अभाव में वह इसे चला नहीं पा रहे हैं। इस कारण उन्हें गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पुलिस से ई-रिक्शा के चुराए गए सामान को ढूंढने की गुहार लगाई है।

# पीसीएस अधिकारी के खाते से हुई 1.84 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**मुकदमा**
- नगर आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं पीसीएस अधिकारी,पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

अज्ञात व्यक्ति ने नगर निगम रुद्रपुर के नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के खाते से 1-84 लाख रूपये की ओनलाईन धोखाधड़ी कर ली। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने बताया कि 7 फरवरी को अज्ञात व्यक्ति ने उनके मोबाइल फोन का अनाधिकृत एक्सेस लेकर उनके खाते से कुल 29000 रूपये की धोखाधड़ी की गयी है तथा साथ ही उनके दूसरे बैंक एकाउंट से 7 फरवरी से 9 फरवरी तक कुल 1,55,000 रूपये की धोखाधड़ी की गयी हैं। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने उनके मोबाईल पर प्रथम दृष्टया किसी मैलवेयर को उनके मोबाइल फोन पर इस्टॉल करके उनके बैंक खातों में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर को अपने नंबर पर अनाधिकृत स्थानान्तरित करके ऐसा किया गया हैं। नगर आयुक्त ने आशंका जताते हुए कहा है कि उनके अन्य बैंक खातों से भी उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा भविष्य में धोखाधड़ी की जा सकती है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मतगणना गिनती की ड्यूटी में तैनात कर्मी की बाईक चोरी

**रुद्रपुर।** नगर निकाय चुनाव की मतगणना गिनती की ड्यूटी में तैनात मतगणना सहायक की बगवाड़ा मंडी परिसर से बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। बाईक स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है?। टा कालोनी पंतनगर निवासी रामानंद यादव कनिष्ठ सहायक ने पुलिस को बताया कि उसकी ड्यूटी जिला मैजिस्ट्रेट / जिला निर्वाचन अधिकारी, ऊधम सिंह नगर द्वारा मतगणना सहायक के पद पर निकाय क्षेत्र नगर पालिका परिषद गदरपुर की गिनती करने के लिए नियुक्त किया गया था। इसके लिए वह मतगणना हॉल मंडी समिति परिसर बगवाड़ा रूद्रपुर को 25 जनवरी 2025 को सुबह 6-30 बजे अपने व्यक्तिगत वाहन सुपर स्प्लेंडर से गया था। बताया कि प्रशासन के व्यवस्थानुसार पार्किंग में लगा कर मतों की गिनती करने मंडी समिति के अन्दर गया था। गिनती करने के पश्चात शाम को लगभग 5:30 बजे वापस आया तो उसका वाहन वहां से गायब थी। वाहन की काफी खोजबीन की, मगर कोई पता नहीं चला। उसके द्वारा मंडी समिति परिसर में स्थित रिपोर्टिंग चौकी में इसकी सूचना दी गई। वाहन ऑन ड्यूटी गायब हुई है।

# सामाजिक कार्यकर्ता की सुरक्षा मामले में निर्णय प्रस्तुत करें: कोर्ट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने आरटीआई एक्टिविस्ट व सामाजिक कार्यकर्ता चोरगलिया निवासी भुवन पोखरिया की सुरक्षा के मामले पर सोमवार को फिर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ ने राज्य सरकार से दो दिन के भीतर यह बताने को कहा है कि इनकी सुरक्षा के लिए क्या निर्णय राज्य सरकार ने लिया है उसको 13 फरवरी (गुरुवार) तक कोर्ट के सामने प्रस्तुत करें। दूसरी ओर अब मामले की अगली सुनवाई 13 फ रवरी (गुरुवार) को होगी। बता दें कि सोमवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता का पक्ष रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता जे.एस. रावत व सी.एस. रावत ने उनका पक्ष रखते हुए कहा कि याचिकाकर्ता व उनके परिवार वालो पर जान लेवा हमला हुआ था जबकि याचिकाकर्ता एक समाजसेवी नेचर का व्यक्ति है। उन्होंने समाज के हित के लिए कई जनहित याचिकाएं उच्च न्यायलय में दायर की है लेकिन लोगों को उनका यह कार्य पसंद नहीं आ रहा है जिसकी वजह से उन्हें अपने व परिवार की सुरक्षा के लिए न्यायलयों की शरण लेनी पड़ रही है। याचिकाकर्ता ने पूर्व में अपनी सुरक्षा के लिए जिले के एसएसपी समेत डीजीपी व गृह सचिव से गुहार लगाई लेकिन सुरक्षा नहीं मिलने के बाद उच्च न्यायलय में सुरक्षा दिलाए जाने को लेकर याचिका दायर की। कहा कि उच्च न्यायलय में शीतावकाश होने के कारण उनके मामले पर सुनवाई न हो सकी। इसको आधार बनाते उन्होंने सर्वोच्च न्यायलय में याचिका दायर की।

सर्वोच्च न्यायलय ने सुनवाई करते हुए याचिकर्ता से कहा कि पहले आप उच्च न्यायलय के रजिस्ट्रार जनरल, गृह सचिव व डीजीपी व एसएसपी नैनीताल को व्यक्तिगत रूप से नोटिस की तामीली कराएं जो याचिकाकर्ता ने गृह सचिव व डीजीपी को 3 फ रवरी तथा उच्च न्यायलय के रजिस्ट्रार जनरल को 4 फ रवरी को रिसीव करा दिए गए। याचिकाकर्ता के अधिवक्ताओं के द्वारा यह भी कहा गया कि पोखरिया अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा के लिए थाने तथा कभी उच्च न्यायलय व कभी सर्वोच्च न्यायलय में याचिका दायर कर रहा है जबकि उसने कोई अपराध नहीं किया। बिना अपराध किए उसके व परिवार वालों पर हमला हुआ इसलिए उनको सुरक्षा दी जाय।

# परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम पर बच्चों को दी जानकारियां

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) कुमाऊँ मंडल अम्बादत्त बलोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले के राजकीय इन्टर कालेज खैरना में प्रतिभाग किया।

इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों को तनावमुक्त होकर परीक्षायें सम्पादित किये जाने हेतु कई जानकारियां दी। अपर निदेशक ने विद्यालय के निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की बैठक भी ली। इस दौरान उन्होंने प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों से बच्चों के शैक्षिक अधिगम स्तर को और बेहतर बनाये जाने के निर्देश दिये। अपर निदेशक बलोदी ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छात्र छात्राओं को दी गयी जानकारियों को ध्यान पूर्वक मनन करने को कहा। इस दौरान वचुअल स्टुडियो से प्रसारित कार्यक्रम को स्कूली बच्चों के साथ विद्यालय के शिक्षकों के बीच अपर निदेशक द्वारा भी सुना गया। उन्होंने कहा प्रत्येक छात्र-छात्रायें तनावमुक्त होकर परीक्षाओं में बैठे। उन्होंने कहा परीक्षा से पूर्व प्राप्त समय में प्रश्नों का अच्छे से अध्ययन करके तभी प्रश्नपत्र को आरम्भ करें। एडी बलौदी ने विद्यालय के जर्जर भवन का तत्काल प्रस्ताव जनपदीय अधिकारियों को प्रेषित किये जाने के निर्देश भी दिये। विद्यालय में सहायक अध्यापक एलटी के पदों पर सभी शिक्षक कार्यरत हैं जबकि प्रवक्ता के 6 पद रिक्त चल रहे है जिनमें से 5 अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं जबकि चतुर्थ श्रेणी के पद रिक्त चल रहे है। उन्होंने कहा रिक्त पदों पर शीघ्र कार्यवाही की जायेगी। विद्यालय में वर्तमान में 236 बच्चें अध्ययनरत हैं। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जगमोहन रौतेला साथ रहे।



## चौड़ीकरण कार्य शुरू, घोड़ा स्टैंड के समीप पार्क किया ध्वस्त

**नैनीताल ।** नैनीताल के सात चौराहों के चौड़ीकरण प्रोजेक्ट के तहत एसबीआई तिराहे का चौड़ीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसके लिए पुराना घोड़ा स्टेंड के समीप बने पार्क को ध्वस्त कर दिया गया है। बता दें कि लोनिवि की ओर से शहर के सात चौराहों का चौड़ीकरण किया जाना है। तल्लीताल डांठ, मनुमहारानी तिराहे का कार्य पूरा होने के बाद अब मल्लीताल एसबीआई तिराहे का चौड़ीकरण शुरु कर दिया गया

# दिल्ली के समग्र विकास का कालखंड अब शुरू होगा: भट्ट

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर दिल्ली प्रदेश की जनता का आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में दिल्ली के समग्र विकास का कालखंड अब शुरू होगा। उन्होंने दिल्ली की ऐतिहासिक जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीराष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह को बधाई प्रेषित की है। भट्ट ने दिल्ली की ऐतिहासिक जीत पर भारतीय जनता पार्टी के सभी विधायकों और दिल्ली के कोटि-कोटि कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए दिल्ली की महान जनता का आभार जताया है। श्री भट्ट ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बन गई है जिससे दिल्ली का और तेजी के साथ विकास होगा। उन्होंने इस जीत पर प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह को बधाई दी है।

# अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्कर को दो भालू की पित्त समेत दबोचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



राज्य में वन्य जीव अंगो की अवैध तस्करी में लिप्त तस्करों की अवैध गतिविधियों की रोकथाम व धरपकड़ के लिए उत्तराखंड एसटीएफ को डीजीपी ने निर्देश दिए गए थे।

एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने टीमों को निर्देशित किया। 7 इसी के तहत सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के निर्देशन में गठित एसटीएफ की कुमाऊँ यूनिट ने पिथौरागढ़ वन प्रभाग के साथ एक ऑप्रेशन में पिथौरागढ़ फोरेस्ट रेंज स्थित शिलोनी अड़किनी तिराहे के पास से एक वन्यजीव तस्कर शेरी राम पुत्र झुपरी राम निवासी ग्राम रोड़ी देवल, विजुल जिला बेतड़ी अंचल महाकाली ,नेपाल को 2 भालू की पित्त के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर लम्बे समय से वन्यजीव अंगो की तस्करी में लिप्त था। एसटीएफ की इस कार्यवाही में मुख्य आरक्षी महेन्द्र गिरि व किशोर कुमार की विशेष भूमिका रही। एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने बताया कि एसटीएफ ने पिथौरागढ़ में वन प्रभाग पिथौरागढ़ व डब्लूसीसीबी को साथ लेकर वन्यजीव तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गयी है। टीम ने 2 भालू की पित्त के साथ एक शातिर अन्तर्राष्ट्रीय वन्यजीव तस्कर को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि वन्यजीव तस्करों का लम्बे समय से नेपाल से भारत में वन्यजीव अंगो की तस्करी करने का इनपुट जानकारी मिल रही। बताया कि जब तस्कर माल को बेचने के लिए भारत आया तो इसे टीम ने दबोच लिया। अभी डिटेल इण्टेरोगेशन के बाद स्पष्ट हो पायेगा, कि भालुओं की पोचिंग कब कहाँ किस जंगल में किस तरह की गयी है। भालू को जिसे वन्यजीव जन्तु संरक्षण अधिनियम की पहली अनुसूची में रखा गया है इसका शिकार करना एक गम्भीर अपराध है। तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उन्होंने बताया कि उत्तराखंड एसटीएफ की वन्यजीव तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी। ताकि सीधे-साधे व बेजुबान जानवरों के शिकार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। उत्तराखंड एसटीएफ टीम में निरीक्षक एमपी सिंह, एएसआई प्रकाश भगत,महेन्द्र गिरि, किशोर कुमार,दीपक भट्ट,चालक संजय कुमार के अलावा पिथौरागढ़ वन प्रभाग टीम से कैलाश चन्द्र वन दरोगा, वन प्रभाग पिथौरागढ़, मनोज ज्याला, किरन नगरकोटि, निरंजन कन्याल आदि शामिल रहे।